हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

06 विधायक ने पूर्व मंत्री पर साधा निशाना, 10 लाख से...



07 राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की...



देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

कठोर तप की जयकार यात्रा में उमड़ा श्रीसंघ परिवार, धर्मसभा में हुआ भव्य बहुमान

डॉ. गोल्डी शाहजी की महामृत्युंजय तप की तपस्या पूर्ण होने पर निकाली शोभायात्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर के सकलेचा परिवार की भांजी तथा धर्म नगरी थांदला के शाहजी परिवार की गौरव डॉक्टर गोल्डी शाहजी द्वारा अपने जीवन में पहली बार महामृत्युंजय तप (31 उपवास) की कठोरतम तपस्या की गई जिसकी पूर्णाहुति पर 1 अक्टूबर को तपस्वी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। चोवीसी के कार्यक्रम के साथ अन्य आयोजन भी हुऐ। थांदला की धर्म नगरी में धर्मोत्कर्ष तत्वज्ञ वर्षावास के दौरान तप आराधना की प्रेरणादायी श्रृंखला में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गया। आचार्यश्री उमेशमुनिजी म.सा. के सुशिष्य धर्मदास गणनायक प्रवर्तक जिनेंद्रमुनिजी म.सा. के आज्ञानुवर्ती थांदला गौरव तत्वज्ञ धर्मेंद्रमुनिजी म.सा., रोचक वक्ता संदीपमुनिजी म.सा. आदि ठाणा-8 एवं साध्वी श्री निखिलशीलाजी, दिव्यशीलाजी आदि ठाणा-4 के सानिध्य में वर्धमान स्थानकवासी जैन श्वेतांबर समाज में जहां चातुर्मास के दौरान विभिन्न धार्मिक गतिविधियां चल रही है। इसी के साथ नलखेड़ा नगर के प्रकाशचंद्र रोहित कुमार सकलेचा परिवार की भांजी तथा धर्म नगरी थांदला के शाहजी परिवार की गौरव डॉक्टर गोल्डी शाहजी ने अपना पहला व संघ का 16 वां मासक्षमण पूर्ण कर तप आराधना का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

जिसकी पूर्णाहुति पर 1 अक्टूबर को प्रातः 8.30 बजे से थांदला नगर में तपस्वी की भव्य जयकार यात्रा (शोभायात्रा) निकाली गई। थांदला संघ प्रवक्ता पवन नाहर ने बताया कि संघ के 16वाँ मासक्षमण पूर्ण होने पर तपस्वी डॉ. गोल्डी शाहजी की थांदला नगर में बैंडबाजों के साथ बड़े ही धूमधाम से उपकारी गुरुदेव, तप व तपस्वी के जयनादों के साथ जयकार यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं एवं श्रीसंघ परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जय जय कार जय जयकार तपस्वी की जय जयकार जैसे जयकारों के साथ यात्रा नगर के मुख्यमार्गों से निकाली गई। स्थान स्थान पर समाज जनों तथा अन्य वर्ग द्वारा अपने स्व निवास के समक्ष तपस्वी डॉक्टर गोल्डी शाह जी का बहुमान किया गया। प्रमुख मार्गो से होती हुई। शोभा यात्रा धर्मसभा स्थल पहुंची, जहां तपस्वी की तप आराधना की अनुमोदना करते हुए भव्य बहुमान किया गया।



प्रिंसी ने आधुनिक अंदाज में की बड़ी बहन के तप की अनुमोदना-

शाहजी परिवार कि ओर से तपस्वी की छोटी बहन प्रिंसी शाहजी ने आधुनिक शैली में अपनी बड़ी दीदी की उग्र तपस्या की अनुमोदना करते हुए उनके दृढ़ संकल्प और त्याग की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उनके भावपूर्ण उद्गारों ने सभा में उपस्थितजनों को भाव-विभोर कर दिया।

तप की बोली से हुआ तपस्वी का बहुमान

धर्मसभा में तप की बोली तप से लगाकर तपस्वी का अभिनंदन किया गया। 11 उपवास की बोली से गोल्डी की नानीजी मंजू प्रकाशचंद सकलेचा (नलखेड़ा) तथा 8 उपवास की बोली से रजनीकांत शाहजी ने तपस्वी का बहुमान किया। श्रीसंघ के पूर्वाध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने शॉल, माला एवं चांदी के सिक्के के साथ अभिनंदन-पत्र प्रदान कर तपस्वी का सम्मान किया जिसमें पूज्य श्री धर्मलता मण्डल ने पूर्ण सहयोग किया। श्रीसंघ की ओर से अध्यक्ष प्रदीप गादिया एवं कोषाध्यक्ष रजनीकांत शाहजी ने तपस्वी की तप आराधना की अनुमोदना करते हुए उपस्थित सभी तपस्वियों की सुखसाता पूछी।

एक वर्ष से रसना विजय की साधना

धर्मसभा में तत्वज्ञ श्री धर्मेंद्रमुनिजी म.सा. एवं रोचक वक्ता श्री संदीपमुनिजी म.सा. ने डॉ. गोल्डी शाहजी के तप-संकल्प की विशेष अनुमोदना की। संतों ने बताया कि गोल्डी ने करीब एक वर्ष पूर्व ही मासक्षमण का लक्ष्य निर्धारित कर रसना विजय की साधना करते हुए प्रतिदिन महज एक सब्जी से भोजन करने का संयम अपनाया था जिसका प्रतिफल क्षणिक अंतराय के बावजूद दुष्कर मासक्षमण तप को पूर्ण करने में सफलता पाई है। संतों ने कहा कि रसना पर विजय प्राप्त करना अत्यंत कठिन साधना है। गोल्डी की मासक्षमण साधना केवल उपवास प्रारंभ करने के साथ नहीं, बल्कि उसी दिन से प्रारंभ हो गई थी जब उन्होंने अपनी रसना पर संयम साधने का दृढ़ संकल्प लिया था। ऐसा त्याग और संकल्प प्रत्येक के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि आज भी ऐसे कठिन त्याग को अपनाने के लिए हर कोई सहज तैयार नहीं होता, इसलिए गोल्डी की तपस्या विशेष अनुमोदना के योग्य है। संघ प्रवक्ता पवन नाहर ने बताया कि धर्मोत्कर्ष वर्षावास में तप आराधना का यह क्रम निरंतर चल रहा है और तपस्वियों के त्याग से पूरा श्रीसंघ आध्यात्मिक रूप से गौरवान्वित हो रहा है। इस अवसर पर नलखेड़ा , ताल, आगर, झालावाड़, इंदौर, राजगढ़, जावरा, बड़नगर, बदनावर,खिरकिया सहित अनेक स्थानों से आए संघजनों, तपस्वियों के नाती-रिश्तेदारों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

नवयुवक मंडल की सक्रिय सहभागिता

गुरु दर्शन व वार्षिक क्षमायाचना के लिए आये गुरुभक्तों के आतिथ्य की अनुपम सेवा व्यवस्था में ललित जैन नवयुवक मंडल अध्यक्ष प्रांजल लोढ़ा, सचिव प्रांजल भंसाली, व्यवस्थापक अनिल भंसाली, पूर्वाध्यक्ष रवि लोढ़ा, प्रवक्ता पवन नाहर एवं युवा कोषाध्यक्ष अंकित लोढ़ा, वेदांत श्रीमाल सहित टीम ने सहयोग कर संघ सेवा का लाभ लिया। वही शाहजी परिवार ने भी तप अनुमोदना में आये साधर्मी हेतु स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया। धर्मसभा का संचालन संघ अध्यक्ष प्रदीप गादिया ने किया।

गांधी जयंती पर मां बगलामुखी भक्त मंडल ने धरना किया समाप्त

नाले की पुलिया हादसे की निष्पक्ष जांच व जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर के समीप 19 सितंबर को अत्यधिक वर्षा के कारण नाले में पानी आने से उड़ीसा निवासी दर्शनार्थियों की कार बहने की घटना में आठ लोगों की दुखद मृत्यु के बाद विभिन्न मांगों को लेकर मां बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार, 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर समाप्त कर दिया गया।

भक्त मंडल द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया कि घटना के बाद 23 सितंबर से शांतिपूर्ण धरना आंदोलन प्रारंभ किया गया था। इसके बाद नगर बंद का आह्वान भी किया गया, जो पूर्णतः सफल रहा। 27 सितंबर को प्रशासन के साथ हुई बातचीत में घटना की जांच के लिए समिति गठित करने तथा सात दिवस में जांच पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया था। समिति का गठन नहीं होने के कारण धरना जारी रहा। प्रेस नोट के अनुसार, भक्त मंडल का कहना है कि घटना के समय अतिवृष्टि के कारण पुल के ऊपर पानी होना तथा सुरक्षा के इंतजाम नहीं होना भी जांच का महत्वपूर्ण बिंदु है। मंडल ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मंडल द्वारा प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश, गृह मंत्री मध्यप्रदेश, राजस्व मंत्री, गृह सचिव, संभागायुक्त उज्जैन, जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक आगर सहित संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर प्रकरण दर्ज किए जाने की मांग को लेकर पत्र भेजा गया है। प्रेस नोट में यह भी उल्लेख किया गया है कि 1 अक्टूबर को तहसीलदार नलखेड़ा के माध्यम से कलेक्टर आगर मालवा का पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें घटना की जांच के संबंध में स्थिति स्पष्ट नहीं होने की बात कही गई है। भक्त मंडल ने जांच में नलखेड़ा क्षेत्र के अधिकारियों को शामिल किए जाने पर भी निष्पक्षता को लेकर सवाल उठाए हैं और इस संबंध में अन्य डिविजनल मजिस्ट्रेट से जांच कराए जाने की मांग रखी है। भक्त मंडल के कैलाशचंद राठौर,अशोक गुप्ता, दिनेश व्यास, किशोर सिंह राजपूत अभिभाषक , सोम शेखर शर्मा, सुंदर मित्तल, मनीष नारेलिया आदि सदस्यों ने कहा कि आंदोलन में नगर के नागरिकों, व्यापारियों, पत्रकारों, राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, किसान संगठनों, बुद्धिजीवी वर्ग एवं ग्रामीणजनों का राजनीति से परे होकर सहयोग मिला। मंडल ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि अब न्यायालय की शरण लेने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है।

गांधीजी व शास्त्रीजी की जयंती मनाई गई



नलखेड़ा। कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। शुक्रवार को कांग्रेस कायकर्ताओं द्वारा स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में गांधी जी की प्रतिमा पर व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने वोकल फॉर लोकल प्रदर्शनी का अवलोकन किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने 2 अक्टूबर को जिले के दलोदा,(धुंधडका) में आयोजित वोकल फॉर लोकल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान सेवा संकल्प यात्रा के प्रतिभागी - यात्रीगण आदि उपस्थित थे। अखिलानंद सरस्वती ग्रामीण गौशाला में आयोजित उक्त प्रदर्शनी में गोमूत्र गोदुग्ध तथा गोबर से निर्मित विभिन्न उपयोगी सामग्री प्रदर्शित की गई थी जिसकी उप मुख्यमंत्री देवड़ा द्वारा भरपूर सराहना की गई। गौशाला में गौपूजन किया गया गोवंश को हरा चारा खिलाया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री देवडा ने कहा कि इस स्थान पर गौशाला का बेहतर संचालन किया जा रहा है यह पावन पवित्र कार्य है। उप मुख्यमंत्री देवडा ने आयोजित प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर अनुसंधान केंद्र बनाए जाने के लिए शासन स्तर से कार्रवाई हो इस हेतु पूर्ण प्रयास किया जाएगा। गौशाला में निर्मित किए जा रहे प्रोडक्ट निर्माण से जिले की अन्य गौशालाएं भी प्रेरणा ले सकती है उनके लिए इस स्थान पर प्रशिक्षण आयोजित किया जा सकता है यह पवित्र कार्य है जो आगे चलकर देश-विदेश में भी किया जा सकता है। इसके पुर्व उप मुख्यमंत्री देवडा ने सेवा संकल्प यात्रा पर पुष्प वर्षा की।

नोटिस जारी किए जाने के विरोध में सोमवार से चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय

रजिस्ट्री कार्य के बहिष्कार को लेकर जिला पटवारी संघ की आपात बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किशनगढ़ ताल

स्वामित्व योजना के अंतर्गत रजिस्ट्री संबंधी कार्य में पटवारियों को निष्पादक की भूमिका दिए जाने के विरोध में पूरे प्रदेश में पटवारियों द्वारा उक्त कार्य का बहिष्कार किया जा रहा है। इसी क्रम में रतलाम जिले की विभिन्न तहसीलों में पटवारियों को नोटिस जारी किए जाने के बाद आज गुलाब चक्कर, रतलाम में जिला पटवारी संघ की आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की विभिन्न तहसीलों के पटवारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाध्यक्ष गोपाल रावत ने कहा कि पटवारी शासन की किसी भी योजना के विरोध में नहीं हैं। प्रदेश में पूर्व से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं अभियानों में पटवारियों ने हमेशा शासन-प्रशासन का सहयोग करते हुए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विरोध केवल स्वामित्व योजना में पटवारी को निष्पादक की भूमिका दिए जाने को लेकर है।

पंचायती राज विभाग की योजना राजस्व विभाग का कार्य नहीं

जिलाध्यक्ष गोपाल रावत ने कहा कि शासन द्वारा जारी स्वामित्व योजना के आदेश की प्रथम पंक्ति में ही इसे पंचायती राज विभाग की योजना बताया गया है। यह राजस्व विभाग की योजना नहीं है। इसके बावजूद पटवारी योजना के कार्य में सहयोग करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्हें रजिस्ट्री प्रक्रिया में निष्पादक की भूमिका दिया जाना स्वीकार्य नहीं है।



सोमवार से चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रांतीय संगठन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश की तरह रतलाम जिले में भी पटवारी स्वामित्व योजना में निष्पादक के रूप में रजिस्ट्री संबंधी कार्य नहीं करेंगे। साथ ही, शासन-प्रशासन द्वारा पटवारियों को जारी किए गए नोटिस एवं दबाव के विरोध में सोमवार से चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा। आंदोलन के आगामी चरण प्रांतीय संगठन के निर्देशानुसार तय किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष गोपाल रावत ने कहा कि संघ शासन-प्रशासन के साथ सहयोग के लिए सदैव तत्पर है, लेकिन ऐसी जिम्मेदारी जिसमें रिकॉर्ड की त्रुटियों और भविष्य के विवादों का दायित्व पटवारी पर आने की आशंका हो, उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

मौके पर मकान, कागज पर भूखंड जिम्मेदारी किसकी?

संघ का कहना है कि स्वामित्व सर्वे के दौरान कई स्थानों पर मौके पर पक्का मकान है, जबकि रजिस्ट्री भूखंड के नाम से कराई जा रही है। ऐसी स्थिति में भविष्य में विवाद अथवा कानूनी कार्रवाई की स्थिति उत्पन्न होने पर निष्पादक के रूप में कार्य करने वाले पटवारी, क्रेता तथा उप पंजीयक के सामने गंभीर कानूनी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकती हैं। संघ ने इसी संभावित जिम्मेदारी को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है।संघ के अनुसार स्वामित्व सर्वे में कई स्थानों पर नाम, रकबा एवं स्वामित्व संबंधी त्रुटियां सामने आ रही हैं। कई मामलों में एक ही मकान को दो अलग-अलग व्यक्तियों के नाम दर्ज किए जाने की स्थिति भी सामने आई है। संघ का कहना है कि कुछ मामलों में इन रिकॉर्डों के आधार पर रजिस्ट्री ही नहीं बल्कि नामांतरण तक हो चुके हैं। ऐसी परिस्थितियों में भविष्य में विवाद उत्पन्न होने पर संबंधित मामलों में पटवारियों को न्यायालयीन प्रक्रिया का सामना करना पड़ सकता है। जिला पटवारी संघ ने यह भी कहा कि वर्तमान में पटवारियों के पास स्वामित्व योजना से संबंधित आवश्यक नक्शे न तो हार्ड कॉपी में उपलब्ध हैं और न ही सॉफ्ट कॉपी में। ऐसी स्थिति में मौके की वास्तविक स्थिति एवं अभिलेखीय स्थिति का सही मिलान कर निष्पादक के रूप में रजिस्ट्री कार्य करना व्यवहारिक कठिनाइयों से भरा हुआ है। जिलाध्यक्ष गोपाल रावत ने कहा कि पटवारी किसी योजना से पीछे नहीं हटते। पटवारियों द्वारा पूर्व में भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं अभियानों में लगातार कार्य किया गया है और इनमें उनका योगदान आज भी जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पटवारियों की आपत्ति स्वामित्व योजना से नहीं, बल्कि इस योजना में उन्हें निष्पादक की भूमिका दिए जाने से है।

मेगा सेवा सेतु शिविरों का आयोजन 4 अक्टूबर को

मंदसौर । सेवा संकल्प अभियान के महत्वपूर्ण एवं केंद्रीय घटक के रूप में सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार अंतर्गत जिले के 11 नगरीय निकायों में मेगा सेवा सेतु शिविरों का आयोजन 4 अक्टूबर को किया जाएगा। कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह द्वारा अधिकारियों को शिविरों में गंभीरता के साथ आमजन को मौके पर ही योजनाओं का लाभ देने तथा समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में 4 अक्टूबर को मंदसौर में संजय गांधी उद्यान में शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार नगरी में नगर परिषद कार्यालय, गरोठ में नप कार्यालय, सुवासरा में सुवासरा नाका, सीतामऊ में, मल्हारगढ़ में डॉ अंबेडकर मांगलिक भवन, पिपलिया मंडी में, नारायणगढ़ में नप कार्यालय, भानपुरा में नप कार्यालय व भैसोदा में नप कार्यालय में शिविर आयोजित किया जाएगा। आयोजन समय प्रातः 11:00 से शाम 4:00 बजे तक रहेगा।

नवकार पट्ट को लाभार्थी परिवार के घर ले गए गाजे-बाजे से

नवकार महामंत्र आराधना की पूर्णाहुति पर समाजजनों ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय जैन श्वेताम्बर समाज में चल रही नव दिवसीय नवकार महामंत्र आराधना की पूर्णाहुति पर जैन समाज द्वारा शुक्रवार को नगर में नवकार महामंत्र के रजत पट के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। नवकार पट्ट को लाभार्थी परिवार के घर गाजे-बाजे से ले जाकर स्थापना की गई।ॉॉ जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित कलिकुण्ड तीर्थोधारक परम पूज्य राजेंद्रसूरीश्वर जी महाराजा की आज्ञानुवर्ती प.पू.राजगुणा श्री जी म.सा आदि ठाणा 4 की निश्रा में विभिन्न धर्म आराधना के साथ नवकार महामंत्र की 9 दिवसीय आराधना श्रीसंघ में चल रही थी। नवकार महामंत्र की इस आराधना में श्रीसंघ के 43 श्रावक और श्राविकाओं द्वारा 9 दिन तक एकासने और सामूहिक जाप 23 सितंबर से किये जा रहे थे। सम्पूर्ण 9 दिन के नवकार एकासने कराने का लाभ प्रेमचंद, धर्मेंद्र कुमार, जिंतेंद्र कुमार सकलेचा परिवार द्वारा लिया गया था। महामंत्र आराधना की पूर्णाहुति पर शुक्रवार को नगर में जैन आराधना भवन से गाजे-बाजे व ढोल-ढमाके के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में लाभार्थी विमलचद दिलीपकुमार अरविंद कुमार फाफरिया परिवार सुसज्जित रथ में चाँदी के नवकार मंत्र के बड़े पट को लेकर विभाजित रहा। वहीं समाज के नन्हे मुन्ने बच्चे अपने हाथों में धर्म ध्वज लहराते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा के समापन पर नवकार आराधकों का बहुमान जैन आराधना भवन में श्री संघ के साथ एकासना के लाभार्थी प्रेमचंद जितेन्द्र कुमार सकलेचा परिवार द्वारा किया गया वहीं पारसमल समरथमल मुणोत परिवार द्वारा सभी आराधकों का चांदी के नवकार पट से बहुमान किया गया। धर्मशाला में लाभार्थी परिवारों की ओर से स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा।







नवकार पट की लाभार्थी परिवार के यहां हुई स्थापना-

साध्वी मंडल की पावन निश्रा में आयोजित 9 दिवसीय नवकार महामंत्र आराधना एवं अखण्ड जाप में स्थापित नवकार पट्ट को अपने घर ले जाने का परम लाभ प्रेमचंद धर्मेन्द्र कुमार जितेंद्र कुमार सकलेचा परिवार द्वारा लिया गया। रात्रि 8 बजे सकल श्रीसंघ बाजे-गाजे से लाभार्थी परिवार के साथ नवकार पट लेकर उपाश्रयजी से उनके निवास पर पहुंचे। जहां नवकार पट की स्थापना कर सामूहिक नवकार महामंत्र जाप का आयोजन हुआ।

एक शाम नवकार मंत्र की भाव भक्ति के नाय

श्रीसंघ में 9 दिवसीय नवकार मंत्र की सामूहिक आराधना, एकासना एवं 24 घंटे नवकार मंत्र जाप का आयोजन चल रहा था। इसी आराधना के अंतिम दिवस गुरुवार को एक शाम नवकार मंत्र की भाव भक्ति के नामह्व भाव भक्ति का आयोजन रात्रि 8:00 बजे से जैन उपाश्रयजी में रखा गया था। इस पावन अवसर पर हेमप्रभा महिला मंडल, चंद्रप्रभु बहु मंडल,सामायिक मंडल, जैन श्वे. सोशल ग्रुप, जैन श्वे. सोशल यूनिक ग्रुप नवरत्न परिवार, युवक महासंघ, पाठशाला के बच्चे एवं समाज के सभी श्रावक-श्राविकाओं द्वारा भावपूर्ण नवकार भक्ति की गई।

खबर संक्षेप

बैठक में भव्य आयोजन की रूपरेखा तय



कांटाफोड़। आगामी 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव को लेकर श्रीराम मंदिर में दशहरा उत्सव समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में पिछले वर्ष के आयोजन का आय-व्यय एवं लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। वहीं आगामी दशहरा उत्सव को लेकर कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए टेंट, लाइट, बैंड-बाजे सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए बोली लगाकर ठेके भी दिए गए। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, नगर के युवा सदस्यों एवं पत्रकारों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को बेहतर और व्यवस्थित बनाने को लेकर अपने सुझाव रखे। बैठक में तय किया गया कि 20 अक्टूबर को होने वाला दशहरा उत्सव नगर में उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा।

गांधी चौक पर मनाई गांधी जयंती



बागली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर गांधी चौक, बागली में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप गुर्जर के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके सत्य, अहिंसा और शांति के सिद्धांतों को याद किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के विचारों को अपनाने और समाज में भाईचारा, सद्भाव तथा एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।

बजरंग ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष बने पवार



देवास। बजरंग ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को विकास नगर चौराहा पर चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में शहरभर के करीब 350 ई-रिक्शा चालकों ने सहभागिता करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चले मतदान के बाद मतगणना की गई। चुनाव में विहिप-बजरंग दल के नगर सह संयोजक शिवाजीराव पवार ने 334 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। उनके निर्वाचित होने की घोषणा होते ही समर्थकों एवं ई-रिक्शा चालकों में उत्साह का माहौल बन गया। पवार के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बजरंग दल के पदाधिकारियों, बजरंग ई-रिक्शा यूनियन के चालकों एवं इष्टमित्रों ने उनका पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए यूनियन के हित में कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। यूनियन के चुनाव एवं परिणाम की जानकारी संजय बैरागी एवं रवि अरोड़ा ने दी।

भौंरासा में बने प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र का विधायक सोनकर ने किया लोकार्पण

विधायक ने पूर्व मंत्री पर साधा निशाना, 10 लाख से अधिक की राशि नहीं की स्वीकृत

डेढ़ करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र का क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने किया शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरासा



नगर में डेढ़ करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र का गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने विधिवत लोकार्पण किया। विधायक ने जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में फीता काटकर स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक अनिल चावड़ा, राजीव खंडेलवाल, राजेश यादव, संजय जोशी, जयसिंह राणा, सीएमएचओ डॉ. सरोजिनी जेम्स, बीएमओ डॉ. शैलेंद्र ओरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

कांग्रेस पर साधा निशाना

विधायक डॉ. सोनकर ने अपने संबोधन में कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए पूर्व कांग्रेस विधायक सज्जन सिंह वर्मा के कार्यकाल को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के पूर्व दौरे का जिक्र करते हुए व्यंग्यात्मक टिप्पणी भी की। उन्होंने पटवारी द्वारा पूर्व में किए गए भौरासा दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जब नगर में आए थे, तब उन्होंने पशु हाट में भैंस का दूध निकाला था। विधायक ने व्यंग्य करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को गाय माता दिखाई नहीं देती, क्योंकि वे गाय माता का सामना नहीं कर सकते। पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए विधायक सोनकर ने कहा कि यदि उनके कार्यकाल के दौरान पूरी विधानसभा में कहीं भी 10 लाख रुपये से अधिक की राशि टीन शेड निर्माण के लिए दी गई हो तो वे आमने-सामने बैठकर इस मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक टीन शेड के लिए 15 लाख रुपये तक की राशि उपलब्ध करा रही है। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार केवल घोषणाएं करने में विश्वास नहीं रखती, बल्कि की गई घोषणाओं को धरातल पर उतारकर पूरा करने के लिए काम करती है।



रणजीत सागर बांध का बदला स्वरूप

विधायक ने रणजीत सागर बांध परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व प्रस्ताव के कारण सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र के 66 गांवों के डूब क्षेत्र में आने की चिंता थी। उन्होंने दावा किया कि विधायक बनने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष ग्रामीणों की समस्या रखी, जिसके बाद परियोजना का स्वरूप बदला गया। अब किसी भी गांव के डूब में जाने की स्थिति नहीं होगी। कार्यक्रम में पृथ्वीराज सिंह रजापुर, बहादुर सिंह पिलवानी, तेजसिंह बघेल, सुखदेव सिंह लालखेड़ी, निरंजन सिंह सेंगर, कैलाश यादव, रामचरण धाकड़ सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्षद, चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। संचालन मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद पालीवाल ने किया तथा आभार नगर परिषद उपाध्यक्ष जयसिंह राणा ने माना। उक्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल सेठी ने दी।

वृद्ध माता-पिता को संपत्ति के बटवारे के लिए मोबाइल टॉवर पर चढ़कर दी आत्महत्या की धमकी

पुलिस ने कार्रवाई कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



थाना बागली क्षेत्र के चापड़ा रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप के सामने बीएसएनएल मोबाइल टावर पर एक व्यक्ति के चढ़ने और आत्महत्या की धमकी देने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जीवन भिडोरे डायल-112 एफआरवी और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने व्यक्ति से मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क कर बातचीत शुरू की और उसे समझाइश देकर सुरक्षित नीचे उतार लिया।पुलिस के अनुसार टावर पर चढ़े व्यक्ति ने अपना नाम प्रकाश पिता हरिराम भाटी (41) निवासी वार्ड क्रमांक 2, बागली बताया। प्रकाश का आरोप था कि उसके माता-पिता पैतृक संपत्ति का बंटवारा नहीं कर रहे हैं। इसी बात को लेकर वह टावर पर चढ़ गया और आत्महत्या करने की धमकी देने लगा।पुलिस ने प्रकाश को उचित आश्वासन देकर काफी सावधानी से टावर से नीचे उतारा। इसके बाद पुलिस ने उसकी माता से चर्चा की। माता ने बताया कि प्रकाश पिछले करीब दो वर्षों से घर से अलग रह रहा था और माता-पिता से अलग निवास कर रहा था।

पिछले कुछ दिनों से वह पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर दबाव बना रहा था। माता-पिता ने जीवित रहते संपत्ति का बंटवारा करने से इनकार किया, जिसके बाद प्रकाश ने यह कदम उठाया।घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना बागली पुलिस ने प्रकाश भाटी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय से जेल वारंट जारी होने के बाद उसे जेल में दाखिल कराया गया।

वार्ड 16 में 12.46 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण का भूमिपूजन आज

देवास। शहर के वार्ड क्रमांक 16 में बिंजाना रेलवे क्रॉसिंग से सर्वोदय नगर तक प्रस्तावित सडक़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन शनिवार, 3 अक्टूबर को किया जाएगा। पार्षद एवं एमआईसी सदस्य गणेश पटेल ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब 12 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इस सडक़ का भूमिपूजन विधायक गायत्री राजे पवार के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल एवं सभापति रवि जैन के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न होगा। आयोजित कार्यक्रम के अनुसार भूमिपूजन 3 अक्टूबर 2026, शनिवार को शाम 4.30 बजे वार्ड 16 स्थित अवंतिका मेगा फुड रेलवे क्रॉसिंग के पास होगा। वार्ड एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर भूमिपूजन समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड के सहयोग से कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सोनकच्छ में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्काउट-गाइड कमिश्नर सोनकच्छ सज्जन सिंह मालवीय रहे। अध्यक्षता स्काउट-गाइड के अध्यक्ष रविंद्र नायक ने की। विशेष अतिथि के रूप में सौभाग सिंह ठाकुर, इंदु अकोतीया, शिवचरण अंगोरिया, स्मिता अकोतीया, संगीता सेंधव सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां शारदा, महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद छात्राओं एवं अतिथियों ने सर्वधर्म समभाव के साथ प्रार्थना में सहभागिता की। छात्राओं ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डाला। समाजसेवी सौभाग सिंह ठाकुर ने गांधीजी के विचारों पर अपने विचार व्यक्त करने वाली छात्राओं को नकद राशि देकर सम्मानित किया। अंत में आभार प्रदर्शन वार्डन ज्योति वाडेकर ने किया।

काछी गुराडिया में खेत से अवैध गांजे की फसल जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

काछी गुराडिया क्षेत्र में सोनकच्छ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की खेती के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक खेत से गांजे की फसल जब्त की है। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर खेत में लगे गांजे के पौधों को उखाड़कर अपने कब्जे में लिया।सोनकच्छ थाना प्रभारी विक्रांत झांझोट ने बताया कि खेत में गांजे के पौधे व्यवस्थित रूप से लगाए गए थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और खेत में लगी फसल को जब्त किया।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने गांजे के पौधों को एकत्रित कर जब्ती पंचनामा तैयार किया। पुलिस द्वारा मामले में संबंधित व्यक्ति की भूमिका की जांच की जा रही है। जब्त फसल के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

11 अक्टूबर से पुलिस ग्राउंड पर लगेगा मीना बाजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर का ऐतिहासिक और पारंपरिक रियासतकालीन 90 वाँ दशहरा कृषि, कला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी मीना बाजार इस वर्ष 11 अक्टूबर (नवरात्रि के प्रथम दिवस) से पुलिस ग्राउंड पर शुरू होने जा रहा है। मेले के आयोजन को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। शुक्रवार को विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, गणेश पटेल, धर्मेंद्रसिंह बैस, शीतल गहलोत, बाबू यादव, बहादुर मुकाती ने अधिकारियों के साथ मेला स्थल का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अग्रवाल ने लगने वाले दशहरा कृषि, कला व औद्योगिक प्रदर्शनी में सभी बुनियादी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी, दीपक पटेल, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, सौरभ त्रिपाठी, उपयंत्री विजय जाधव, पलक श्रीवास्तव, जीवन रावत आदि उपस्थित रहे।

वरिष्ठ नागरिक संस्था ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



वरिष्ठ नागरिक संस्था द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस 30वें वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस हर्षोल्लास के साथ संस्था परिसर में मनाया गया। माँ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हाटापीपल्या विधायक मनोज चौधरी, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, विशेष अतिथि एसबीआई मुख्य महाप्रबंधक अमित पालीवाल, डॉ. एम. कुमार, एवं अध्यक्षता कर रहे डॉ. के.के. धूत ने किया। संस्था अध्यक्ष ओ.पी. पाराशर एवं पेंशनर्स संघ अध्यक्ष गंगासिंह सोलंकी ने अतिथियों एवं वरिष्ठों का सम्मान करते हुए स्वागत भाषण दिया। संस्था की प्रगति पर प्रकाश सचिव श्रवण कुमार कानूनगो ने डाला। सम्मान समारोह में 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले 25 वरिष्ठजनों का सम्मान शाल, श्रीफल एवं मोतियों की माला पहनाकर किया गया। इसी कडी में संस्था के संस्थापक सदस्य डॉ. एम. कुमार, एल.बी. ढपले व उत्कृष्ट कार्य पर श्रवण कुमार कानूनगो को भी सम्मानित किया। साथ ही अमलतास अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा समारोह के दौरान 150 अधिक वरिष्ठजनों का बीपी, शुगर, हार्ट, नेत्र, कान आदि अन्य बीमारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित सलाह दी गई। समारोह का संचालन चेतन उपाध्याय ने किया एवं आभार गंगा सिंह सोलंकी ने माना। अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन संस्था अध्यक्ष ओ.पी. पाराशर ने दिया। कार्यक्रम में संस्था उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार ढाली, कोषाध्यक्ष विपिन कुमार कुमावत, सहसचिव बी डी चावड़ा, संचालक शीलनाथ आरस, केसी नागर, एमडी सिन्हा, एस.के. शाह, वीणा भार्गव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शोभा नायक, अशोक वर्मा, प्रकाश नागोरे, उषा जोशी, रश्मि पाण्डेकर, भालचंद्र ताकोणे, एसएन सोनी, वृद्धाश्रम संचालक दिनेश चौधरी, अनिल नाईक, आरएस केलकर, गेरूलाल व्यास सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन व आमजन उपस्थित थे। समारोह के दौरान पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता बुद्धसेन पटेल एवं वरिष्ठजनों के साथ संस्था प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। समारोह के दौरान देवेन्द्र पंडित, रामजीत सिंह, इकबाल खान आदि अन्य कलाकारों ने सुमधुर गीत व भजनों की प्रस्तुति देकर वरिष्ठजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

22 गांवों में चुनरी यात्रा का दिया न्योता

देवास। अखिल भारतीय क्षत्रिय कलोता समाज युवा संगठन के तत्वावधान में पिछले 15 वर्षों से परंपरानुसार नवरात्रि की अष्टमी पर चुनरी यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में 18 अक्टूबर को चौबीस अवतार मंदिर देपालपुर से गोमटगिरि स्थित मां कालिका माता मंदिर तक भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियों और समाजजनों को आमंत्रित करने के लिए संगठन ने गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया ।

कांग्रेस ने मनाई गांधी और शास्त्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



महात्मा गांधी के तीन महत्वपूर्ण सिद्धांत सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह, वर्तमान दौर में भी प्रभावी है और इन्हीं सिद्धांतों का अनुकरण करते हुए हमें देश को आगे ले जाना है। ये उद्गार जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में, वक्ताओं ने व्यक्त किए। गांधी प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता मोहनलाल शर्मा, नरेंद्र यादव लल्ला आदि ने संबोधित कर गांधी के योगदान का स्मरण किया। स्व. लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर प्रदीप चौधरी, गुरूचरण सिंह सलूजा, शौकत हुसैन, जितेंद्र सिंह गौड़, रेखा वर्मा, सुजीत सांगते, सुधीर शर्मा, रोशन रायकवार, रितेश त्रिपाठी, हारिस गजधर, अनिल गोस्वामी, रूपेश कल्याणे आदि मौजूद रहे। आभार जाहिद पठान ने माना।

गांधी जयंती पर निगम ने चलाया वृहद स्वच्छता अभियान

सफाई मित्रों सहित सहयोगियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर नगर निगम द्वारा वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान, श्रमदान, माल्यार्पण, पौधारोपण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय शिवाजी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात गजरा गियर्स चौराहे स्थित शहीद भगत सिंह उद्यान में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। तत्पश्चात निगम बैठक हॉल में बापू के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम आयोजित किया गया।समारोह में स्वच्छता में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों, स्वच्छता में सहयोगी फीडबैक फाउंडेशन संस्था के सदस्यों, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, स्कूलों के छात्र-छात्राओं, सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारियों तथा स्वच्छता में सहयोग देने वाले प्रबुद्ध नागरिकों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।इस अवसर पर विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि बापू के स्वच्छता के संदेश को आत्मसात कर हमें उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना है और नागरिकों में स्वच्छता की भावना जागृत कर जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना है। सफाई मित्रों का सम्मान करना हमारे लिए गौरव की बात है।महापौर गीता अग्रवाल ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखना हमारे जीवन की प्राथमिकता है। सभापति रवि जैन ने कहा कि शहीदों को याद करना और पूज्य बापू के बताए मार्ग पर चलना हमारा कर्तव्य है। स्वच्छता को निरंतर बनाए रखना हम सबका दायित्व है।आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि 2 अक्टूबर को निगम द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी को शहर को प्लास्टिक-पॉलीथिन मुक्त बनाने तथा शहर को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने की शपथ भी दिलाई।इस अवसर पर दुर्गेश अग्रवाल, मनीष सेन, धर्मेन्द्रसिंह बेस, शीतल गहलोत, सोनू परमार, राजेश यादव, सचिन सोनी, हरीश देवलिया, राजीव खंडेलवाल, भारत चौधरी, निगम अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में सफाई मित्र उपस्थित रहे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेस ने लिया सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांटाफोड़ के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गांधी चौक पर गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता हीरालाल पटेल, शैलेश होलानी, बलवीर सिंह बग्गा, कैलाश अमोदिया तथा निर्मल पुरोहित उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मीणा, हीरालाल पटेल, निर्मल पुरोहित, धर्मेंद्र मालवीय एवं अभिषेक भट्ट ने गांधी और शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा शास्त्री के प्रसिद्ध नारे जय जवान, जय किसान को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर हाजी रजाक खान सदर, श्रीनिवास तिवारी, बृजमोहन तिवारी, चेतन जारवाल, अर्पित जायसवाल, पवन बछानिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई, आदर्शों को याद किया

सेवा संकल्प अभियान-2026: योजनाओं पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय, पनारी, ललितपुर में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। 2 अक्टूबर का दिन भारतीय इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी दिन भारत को सत्य, अहिंसा और मानवता का मार्ग दिखाने वाले महात्मा गांधी तथा सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के लिए प्रसिद्ध लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म हुआ था। महात्मा गांधी ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों के माध्यम से नई दिशा प्रदान की। उन्होंने सत्याग्रह, अहिंसा, स्वदेशी, आत्मनिर्भरता, स्वच्छता और सर्वोदया जैसे विचारों को जन-जन तक पहुंचाया। उनका मानना था कि समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है जब अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास का लाभ पहुंचे।

गांधी जी का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि सत्य, अहिंसा, सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया जा सकता है। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता, स्वच्छता और जनसेवा के लिए प्रेरणा का स्रोत है। लाल बहादुर शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे। वे अपनी सादगी, विनम्रता, ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए सदैव स्मरण किए जाते हैं। उन्होंने देशवासियों को ह्लजय जवान, जय किसानह्व का प्रेरणादायक नारा दिया, जो देश की सुरक्षा और कृषि क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करता है। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत छात्राओं द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से विशेष रूप से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उद्देश्य, लाभ एवं उपयोगिता के संबंध में जन-जागरूकता का संदेश दिया गया।

छात्राओं ने अपने अभिनय एवं संवादों के माध्यम से यह संदेश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका उचित लाभ उठाना चाहिए तथा समाज के अन्य लोगों को भी इन योजनाओं के प्रति जागरूक करना चाहिए। इस लघु नाटक में महाविद्यालय की छात्राओं मुस्कान पटेल, रक्षा, डोली, अनामिका पटेल, शिल्पी एवं संध्या राज ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। छात्राओं ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता का संदेश प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सितारा देवी ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन हम सभी के लिए सेवा, सादगी, सत्य एवं राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए जनजागरूकता के कार्यों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। महाविद्यालय की प्रबंध निर्देशिका डॉ. पूजा यादव ने कहा कि गांधी जी के सत्य एवं अहिंसा के विचार तथा शास्त्री जी की सादगी और राष्ट्रसेवा आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सूफिया ने कहा कि 2 अक्टूबर हमें गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सेवा के आदर्शों तथा शास्त्री जी की सादगी, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक की सराहना करते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को रचनात्मक माध्यम से समाज तक पहुंचाना जागरूक नागरिक के दायित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है। लघु नाटक कार्यक्रम के आयोजन में सुषमा पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भाजपा ने स्नातक विधायक चुनाव को लेकर बैठक की

राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी की झांसी प्रयागराज स्नातक विधायक चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन जिला महामंत्री सहसंयोजक गौरव गौतम ने किया।बैठक के साथ ही राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री मा लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर उनकी जयंती भी मनाई गई।

इस अवसर पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गईं।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने दोनों महापुरुषों के कृतित्व और व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला। तत्पश्चात बैठक शुरू हुई। बैठक में इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि स्नातक विधायक चुनाव हमारे लिए एक अग्नि परीक्षा है । क्यों कि तुरंत बाद बिधान सभा चुनाव हैं। उन्होंने कहा कि ललितपुर जिले में लगभग ग्यारह हजार वोट हैं और फाइनल लिस्ट वनते हुए कुछ और वोट वढ़ जायेंगे।हमें कौशिश करनी है कि शत प्रतिशत वोट डलें और हमारी एक तरफा जीत हो । उन्होंने कहा कि छै अक्टूबर को हमारी पार्टी का प्रत्याशी झांसी नामांकन करेगा। जिसमें हमें अधिक से अधिक सहभागिता करनी है और सहभागिता भी सब स्थानों से सर्वस्पर्शी होनी है । उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में नामांकन के दिन झांसी पहुंचने की अपील की । उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी कार्यकर्ताओं पर आधारित पार्टी है और इसमें जिला से लेकर वूथ स्तर तक के कार्यकर्ता जुटेंगे और एक एक मतदाता पर नजर रखेंगे तथा मतदाता को हर हाल में वूथ तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी से इन चुनावों को विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल मानकर जम कर काम करने की जरूरत है । इस अवसर पर श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी और सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने भी अपने विचार रखे । अन्त में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, चुनाव संयोजक जगदीश सिंह लोधी एड,क्षेत्रीय मंत्री रमेश कुशवाहा नझाई,, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौबे, बरिष्ठ नेता विधानसभा प्रभारी बब्बू राजा बुंदेला,जिला महामंत्री सहसंयोजक गौरव गौतम, विधानसभा संयोजक हरीराम सिंह लोधी एड ,रजनी अहिरवार, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु , नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी, ब्लाक प्रमुख गोलू राजा, जिला उपाध्यक्ष रुचिका बुन्देला, अवतार सिंह लोधी एड,आशीष रावत, अरविंद कौशिक, अनुपमा जायसवाल, रजनी साहू ध्रुव सिंह सिसौदिया, दीपक पाराशर, रुपेश साहू, पूजा रैकवार,लक्ष्मी रावत, भगतसिंह राठोर, बृजेश राजपूत, नीरज पटैरिया, कृपालु सिंह राजपूत आदि के साथ समस्त जिला पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजा सत्य अहिंसा और जय जवान-जय किसान का संदेश

पं.रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा कॉलेज में मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पं.रुद्रनारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज खड़ोवरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। शुभारंभ दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को अपना हथियार बनाकर देश को स्वतंत्रता के मार्ग पर अग्रसर किया। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति की अद्भुत मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि दोनों महान विभूतियों के विचार आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से महापुरुषों के आदर्शों को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखकर उन्हें अपने व्यवहार एवं जीवन में अपनाने का आह्वान किया। जयंती समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाषण, कविता, देशभक्ति गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, संघर्ष तथा राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया।

विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में देशभक्ति का माहौल बना दिया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता कर स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत का संदेश दिया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य राम जू यादव ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा तथा लाल बहादुर शास्त्री के अनुशासन, सादगी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का भविष्य विद्यार्थियों के हाथों में है। अच्छे संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना से ही मजबूत एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। अंत में विद्यालय परिवार ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित, उप प्रधानाचार्य राम जू यादव, समस्त विद्यालय स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजा सादा जीवन, उच्च विचार का संदेश

अंतिम पायदान के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि: डीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जनपद में श्रद्धा, सम्मान और उल्लास के साथ मनाई गई। विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने घंटाघर स्थित महात्मा गांधी एवं चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा, आजाद चौक स्थित वीर सावरकर की प्रतिमा तथा सदर कांटा स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल, अटल बिहारी वाजपेयी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने ध्वजारोहण किया। सामूहिक रूप से राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम का गायन हुआ।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित संगोष्ठी में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके जीवन, विचारों और योगदान को याद किया गया। संगोष्ठी में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के सादा जीवन, उच्च विचार के सिद्धांत पर प्रकाश डाला। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि जिस पद पर वे कार्यरत हैं, वहां से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें। इसके लिए कोई अलग कार्य करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ करना ही पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन और कार्यशैली में उतारकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। डीएम सत्य प्रकाश ने रामसेतु निर्माण से जुड़े प्रेरक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार रामसेतु निर्माण में एक छोटी सी गिलहरी ने अपनी क्षमता के अनुसार बालू डालकर योगदान दिया था और उसके छोटे से प्रयास को भी महत्वपूर्ण माना गया, उसी प्रकार प्रत्येक नागरिक को देश के विकास में अपनी क्षमता के अनुसार योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों के छोटे-छोटे प्रयास मिलकर देश के लिए बड़े परिणाम ला सकते हैं। उन्होंने खाद्यान्न आत्मनिर्भरता का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय भारत को अमेरिका से अनाज मंगाना पड़ता था, लेकिन आज देश कई देशों को अनाज निर्यात करने की स्थिति में है। यह उपलब्धि प्रत्येक भारतवासी के योगदान का परिणाम है। कार्यक्रम में जीजीआईसी की छात्राओं ने महात्मा गांधी की प्रिय रामधुन तथा देशभक्ति गीत आन-बान-सम्मान तिरंगा लहर-लहर लहराए प्रस्तुत किया। छात्राओं की प्रस्तुति से कार्यक्रम स्थल देशभक्ति के भाव से सराबोर हो गया। जिलाधिकारी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मिष्ठान वितरित किया। एडीएम (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार ने महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका प्रवास के अनुभवों तथा सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। एसडीएम जसीम ने दक्षिण अफ्रीका में ट्रेन में गांधी जी के साथ हुई घटना का उल्लेख करते हुए उनके संघर्ष, गांधीवाद तथा सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह ने कहा कि गांधीजी के बारे में बोलना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है। उन्होंने गांधी जी के ग्राम स्वराज्य, सत्ता के विकेंद्रीकरण, लघु एवं कुटीर उद्योगों के विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सामाजिक न्याय संबंधी विचारों पर प्रकाश डाला। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने सादा जीवन, उच्च विचार के संदेश को अपनाने का आह्वान करते हुए युवाओं एवं बुजुर्गों से नशामुक्ति की अपील की। उन्होंने नशामुक्त गांव और नशामुक्त जनपद बनाने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता बताई। अधिवक्ता एवं पूर्व कर्मचारी पर्वत सिंह ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग साझा किए। संचालन ब्रजमोहन संज्ञा ने किया। गांधी जयंती के अवसर पर जिले में खेल, स्वच्छता, पर्यावरण एवं सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिन की शुरुआत स्टेडियम में पुरुषों के लिए 5 किलोमीटर तथा महिलाओं के लिए 3 किलोमीटर पैदल चाल प्रतियोगिता से हुई। इसके साथ ही मलिन बस्तियों तथा जनपद के गांवों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए की प्रार्थना

क्षत्रिय महासभा ने शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

ललितपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से कार्यालय पर जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई। इसमें विभिन्न परिवारों में हुए आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह बनाफर के पूज्यनीय पिता शंकरसिंह पिसनारी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इसके अलावा शिवम सिंह बैस की धर्मपत्नी निकिता राजे के अल्पायु में हुए आकस्मिक निधन पर भी महासभा पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संवेदना व्यक्त की। इसी क्रम में ध्रुव राजा के ताऊ एवं शत्रुघ्न सिंह बुंदेला के पूजनीय पिता भानु प्रताप सिंह पूर्व प्रधान छापछोल के निधन तथा इन्द्रपाल सिंह बुंदेला, सचिव साहब असऊपुरा के आकस्मिक निधन पर भी गहरा दुख व्यक्त किया गया। उपस्थित लोगों ने दिवंगतों के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवारों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। मुन्ना सिंह चौहान, बृजेन्द्र सिंह परमार, मुलायम सिंह बैंस, राघवेंद्र सिंह बघेल, भगवत सिंह बैंस, जगदीश सिंह परमार, जय हिंद सिंह परमार, भूपेंद्र सिंह तोमर, भरत सिंह चौहान, अमर सिंह तोमर, बॉबी राजा, छत्रपाल सिंह परमार, चंद्रपाल सिंह परमार, शिरोमणि सिंह बुंदेला, धर्मेंद्र सिंह परमार, जय सिंह, शेर सिंह परमार, अजय प्रताप सिंह, जीतू राजा, नारायण सिंह सेंगर, भोले राजा, देवेंद्र सिंह संटूराजा, अखंड प्रताप सिंह राजावत, देवेंद्र सिंह चौहान, अभिमन्यु सिंह बघेल, पुष्पेंद्र सिंह परमार, अखंड प्रताप सिंह बुंदेला, अरविंद सिंह बुंदेला, वीरेंद्र सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र राजा बुंदेला, सूर्यप्रताप सिंह बुंदेला, राघवेंद्र सिंह चौहान, अजीत सिंह पवार, रामप्रताप सिंह परमार, अमित परमार, ताहर सिंह परमार, शिवकरण सिंह तोमर, बालेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, सत्तू राजा, अजित सिंह, जितेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, रोहित राजा, आकाश चौहान, अजय राजा, रवि राजा, गोलू राजा, चंचल राजा आदि उपस्थित रहे।

शास्त्री जयंती को कायस्थ एकता दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को कायस्थ एकता दिवस केरूप में मनाया गया। कार्यक्रम नवजीवन कॉलोनी स्थित इलाइट चौराहा के पास स्थित किड्जी स्कूल में आयोजित हुआ। इस दौरान उपस्थित लोगों ने लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, ईमानदारी, साहस और दूरदर्शिता की मिसाल रहा है। गुदड़ी के लाल के नाम से प्रसिद्ध शास्त्री जी ने कठिन परिस्थितियों में भी देश का नेतृत्व दृढ़ता के साथ किया। उनके जीवन से समाज और देश के प्रति समर्पण की प्रेरणा मिलती है। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र सिन्हा कबीर ने कायस्थ समाज के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वह लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों और उनके ईमानदारी, साहस एवं दूरदर्शिता जैसे गुणों को अपने जीवन में अपनाएं तथा समाज और देश के उत्थान केलिए एकजुट होकर कार्य करें।

महामंत्री सौरभ श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज के महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथियों को गरिमापूर्ण एवं धूमधाम से मनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के जीवन और विचारों से नई पीढ़ी को परिचित कराना समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। संचालन राजेश श्रीवास्तव ने किया, जबकि आभार कोषाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। प्रमेंद्र खरे, अमित श्रीवास्तव (हेमू), अवधेश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, नीरज सक्सेना, विनय सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, नितेश खरे, नितिन श्रीवास्तव, अमित सक्सेना, विनय श्रीवास्तव, संजय खरे सहित महासभा के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

एक ही दिन में 3 गैंग पर गैंगस्टर एक्ट का शिकंजा

नकली शराब, दुष्कर्म और सोलर केबल चोरी के मामलों में 12 अपराधी नामजद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद में संगठित अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ललितपुर पुलिस ने एक ही दिन में तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन गिरोहों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए हैं। कोतवाली, जखौरा और महरौनी थाना पुलिस की कार्रवाई में नकली शराब तैयार कर बेचने, महिलाओं एवं नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर भगाने तथा गंभीर अपराधों को अंजाम देने और सोलर प्लांटों से कीमती केबल व उपकरण चोरी करने वाले गिरोहों को कार्रवाई के दायरे में लिया गया है। तीनों मामलों में कुल 12 आरोपियों को नामजद किया गया है। कोतवाली पुलिस ने अपराध संख्या 1031/2026 में उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में नकली शराब तैयार कर उसे असली बताकर विभिन्न स्थानों पर बेचने वाले गिरोह को चिह्नित किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह घरों और किराये के कमरों में स्प्रिट, केमिकल, नकली रैपर, बारकोड और ढक्कनों का इस्तेमाल कर नकली शराब तैयार करता था। पूर्व की कार्रवाई में पुलिस ने भारी मात्रा में स्प्रिट, 9,109 पारदर्शी प्लास्टिक पव्वे, 5,329 नकली ढक्कन, बड़ी संख्या में नकली रैपर व बारकोड, क्रेटा, ऑडी और स्कोडा जैसी लग्जरी गाडिय़ां तथा 5.50 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। मामले में गैंग लीडर मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर अंतर्गत ग्राम महेबा व हाल गंगापुरम कालोनी ललितपुर निवासी रवि लखैरा पुत्र सुरेश लखैरा को बनाया गया है। उसके साथ अंकित विश्वकर्मा, मनीष विश्वकर्मा, चन्द्रेश लोधी उर्फ विक्की, पुष्पेन्द्र ठाकुर, शिवानी लखैरा पत्नी रवि लखैरा तथा मोना राजा उर्फ राजप्रताप को गैंग का सक्रिय सदस्य नामजद किया गया है। थाना जखौरा पुलिस ने अपराध संख्या 0251/2026 में गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 2/3 के तहत कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में महिलाओं और नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर भगाने, मारपीट तथा सामूहिक दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त गिरोह को चिह्नित किया गया है। पुलिस के अनुसार इस गिरोह के खिलाफ पूर्व में थाना जखौरा में पॉक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है तथा विवेचना के बाद आरोपपत्र न्यायालय भेजा जा चुका है।

गैंगस्टर एक्ट के मामले में थाना जखौरा के ग्राम लखनपुरा निवासी आलोक विश्वकर्मा पुत्र हरीराम विश्वकर्मा को गैंग लीडर तथा लखनपुरा के ही शीतल सेन पुत्र स्व. भैंरौ प्रसाद को गैंग सदस्य नामजद किया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी वर्तमान में जिला कारागार ललितपुर में निरुद्ध हैं। थाना महरौनी पुलिस ने अपराध संख्या 0398/2026 में गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने सोलर प्लांटों और अन्य सार्वजनिक स्थानों से महंगी सोलर केबल, कनेक्टर एवं अन्य उपकरण चोरी करने वाले गिरोह को कार्रवाई के घेरे में लिया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह रात के समय सुनियोजित तरीके से सोलर प्लांटों को निशाना बनाता था। पूर्व की कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में कटी हुई सोलर केबल, कनेक्टर, कटर और मोटरसाइकिल बरामद की गई थी। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामले में तालबेहट के मोहल्ला चौबयाना निवासी नीतेश कुशवाहा पुत्र जमुना कुशवाहा को गैंग लीडर बनाया गया है। उसके साथ तालबेहट के ही रहने वाले जीतू कुशवाहा पुत्र राकेश कुशवाहा तथा राजकुमार उर्फ रामकुमार पुत्र छत्तू कुशवाहा को गैंग सदस्य नामजद किया गया है। पुलिस के अनुसार संगठित अपराध और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने खेत से थ्रेसर चोरी किए जाने के मामले का खुलासा किया

वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर बरामद, थ्रेसर चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



थाना जाखलौन पुलिस ने खेत से थ्रेसर चोरी किए जाने के मामले का खुलासा करते हुए तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया विनय कंपनी का हरे-पीले रंग का थ्रेसर तथा चोरी की वारदात में प्रयुक्त जॉन डियर ट्रैक्टर बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जाखलौन पुलिस को ग्राम ऐरा बारौद निवासी नरेन्द्र राजपूत पुत्र जानकी प्रसाद ने 1 अक्टूबर 2026 को सूचना दी थी कि उसके खेत से थ्रेसर चोरी कर लिया गया है। वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मु.अ.सं. 196/2026, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया। मामले में गठित पुलिस टीमों ने जांच करते हुए वांछित आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए म.प्र. जिला सागर के थाना बांदरी अंतर्गत ग्राम बीजरी निवासी अनूप पुत्र हरप्रसाद, थाना जाखलौन के ग्राम ऐरा बारौद निवासी भागीरथ पुत्र हरीराम कुशवाहा तथा दयाराम पुत्र कमल सिंह लोधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक थ्रेसर बरामद किया है, जो विनय कंपनी का हरे-पीले रंग का बताया गया है।

इसके साथ ही चोरी में प्रयुक्त जॉन डियर ट्रैक्टर भी बरामद किया गया। पुलिस ने बरामदगी के बाद आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी दयाराम का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध थाना जाखलौन में वर्ष 2012 में मुकदमा दर्ज रहा है। इसके अलावा वर्तमान मामले मु.अ.सं. 196/2026, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस में भी वह आरोपी है। तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी 1 अक्टूबर 2026 को की गई। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राम प्रकाश, थाना जाखलौन मय पुलिस टीम शामिल रही।

निर्माण जारी होने से सुरक्षा पर उठे सवाल

अधूरा सीएम राइज भवन का न लोकार्पण न हैंडओवर फिर भी भवन में चल रही पढ़ाई

निर्माण की अवधि करीब 18 माह से दो वर्ष निर्धारित बताई गई थी, लेकिन तय अवधि निकलने के बाद भी भवन का काम पूरा नहीं हो सका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



ब्लॉक के ग्राम मऊ में करीब 38 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा सीएम राइज स्कूल भवन निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी पूरी तरह तैयार नहीं हो पाया है। निर्माण शुरू हुए करीब चार साल हो चुके हैं, लेकिन सितंबर 2026 समाप्त होने के बाद भी भवन में निर्माण कार्य जारी है। इसके बावजूद विद्यार्थियों की कक्षाएं और स्कूल कार्यालय नए भवन में संचालित किए जा रहे हैं। खास बात यह है कि भवन का न तो औपचारिक लोकार्पण हुआ है और न ही विभाग को विधिवत हैंडओवर किया गया है।

वर्तमान में सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मऊ के लिए बनाए जा रहे सीएम राइज भवन का वर्चुअल भूमिपूजन 29 अक्टूबर 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था। टेंडर प्रक्रिया के बाद पीआईयू की देखरेख में केजी गुप्ता कंस्ट्रक्शन, इंदौर द्वारा वर्ष 2023 में निर्माण शुरू किया गया। निर्माण की अवधि करीब 18 माह से दो वर्ष निर्धारित बताई गई थी, लेकिन तय अवधि निकलने के बाद भी भवन का काम पूरा नहीं हो सका।

निर्माण जारी, दूसरी ओर विद्यार्थियों की कक्षाएं

भवन के कुछ हिस्सों में अभी भी निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि दूसरी ओर विद्यार्थियों को इसी परिसर में बैठाकर पढ़ाई कराई जा रही है। बताया गया कि पुराने भवन में विद्यार्थियों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण कक्षाएं नए भवन में शुरू की गई हैं। ऐसे में निर्माण सामग्री, मजदूरों की आवाजाही और विद्यार्थियों की आवाजाही एक ही परिसर में होने से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

समय सीमा बीती जवाबदेही किसकी?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब भवन की निर्धारित निर्माण अवधि पूरी हो चुकी है और भवन अभी तक विभाग को विधिवत हैंडओवर नहीं हुआ, तो उसमें विद्यार्थियों को बैठाने की अनुमति किस स्तर पर दी गई। क्या कक्षाएं शुरू करने से पहले भवन की सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं? निर्माण कार्य के दौरान किसी विद्यार्थी के साथ दुर्घटना होने की स्थिति में जिम्मेदारी किसकी होगी? निर्माण में देरी के बावजूद संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध अब तक क्या कार्रवाई की गई, यह भी स्पष्ट नहीं है। वहीं निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और अब तक किए गए भुगतान को लेकर भी स्थिति सामने आना बाकी है।

निरीक्षण में गुणवत्ता को लेकर भी उठे थे सवाल

निर्माण के दौरान भवन की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ चुके हैं। पूर्व में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल ने भवन का निरीक्षण किया था। इस दौरान पीआईयू अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता बनाए रखने तथा समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद भवन का निर्माण अब तक पूरा नहीं हो सका है। अब मामला केवल भवन के निर्माण में देरी तक सीमित नहीं है। करीब 38 करोड़ रुपए की लागत वाले इस भवन में निर्माण की समय सीमा, गुणवत्ता, भुगतान, सुरक्षा व्यवस्था और बिना लोकार्पण एवं हैंडओवर के विद्यार्थियों को कक्षाओं में बैठाए जाने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठ रहे हैं। शासन-प्रशासन और संबंधित निर्माण एजेंसी को स्पष्ट करना होगा कि निर्माण में देरी का कारण क्या है और अधूरे भवन में कक्षाएं शुरू करने की अनुमति किस आधार पर दी गई।

इनका कहना है...

पुराने भवन में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण विद्यार्थियों की कक्षाएं नए भवन में लगाने की व्यवस्था की गई है। भवन का औपचारिक हैंडओवर और लोकार्पण अभी नहीं हुआ है।

सुरेश वीरमाल, बीईओ सारंगपुर

वन अमले के पीछा कर पकड़ने की कोशिश में तस्कर 2 बाइक, 15 सिल्ली छोड़कर भागे

नगर में आखिर इतनी सागौन आ कहां से रही ?

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

नगर में अवैध लकड़ी कारखानों और रात्रि में हो रही सागौन तस्करी पर हरिभूमि की लगातार खबरों के बाद आखिर वन विभाग जागा। कल देर रात टीम ने काला जी के बाग में तस्करों का पीछा कर पकड़ने की कोशिश की, जहां से 2 मोटरसाइकिल और 15 सागौन की सिल्लियां जब्त की गईं। आरोपी बाइक से झुंड में थे और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। लेकिन इस कार्रवाई के बाद कई बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। इतनी मात्रा में सागौन कहां जा रही है? क्या नगर में आधी रात को अवैध कारखाने चल रहे हैं जहां लकड़ियों की सप्लाई हो रही है? अगर है तो पुलिस-वन विभाग संयुक्त कार्रवाई क्यों नहीं कर पा रहा?

आखिर वन विभाग टीम कब कारखानों पर छापामार कार्रवाई करेगी?

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह अवैध कारखाने वाले लोग अवैध सागौन की लकड़ियों को रात्रि में मंगवाते हैं और उनको रात्रि में मशीनों से काटकर दो नम्बर से एक नम्बर में बदल देते हैं। इस तरीके से शासन की आंखों में धूल झोंकने का काम किया जा रहा है। रात में चोरी की लकड़ी को काट-छांट कर वैध बताकर बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कई महीनों से रात 11 बजे के बाद बाहरी क्षेत्र में लकड़ी से लदे वाहन बेरोकटोक गुजरते देखे गए हैं।



चोरी की बाइक से हो रही तस्करी नगर में बढ़ रही चोरी की वारदातें

सूत्रों के अनुसार यह तस्करी करने के लिए चोरी की बाइकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। आए दिन नगर से बाइक चोरी हो रही है। पिछले कई माह से अधिक बाइक चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। आशंका है कि यही चोरी की बाइकें अब सागौन तस्करी में उपयोग की जा रही हैं।स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन को इन बाइक सवार तस्करों को जल्द पकड़ना चाहिए, जिससे नगर में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर रोक लग सके और तस्करी के नेटवर्क का खुलासा हो सके।

खोया मोबाइल लौटाकर योगेश माहेश्वरी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



सारंगपुर। सेवा प्रकल्प के तहत सेवा, संस्कार और मानवता के संदेश को आत्मसात करते हुए योगेश माहेश्वरी ने ईमानदारी और मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत किया। ग्राम नया अकोदिया निवासी दयाराम पिता रामलाल माली का मोबाइल अकोदिया नाका, सारंगपुर के समीप कहीं गिर गया था। मोबाइल योगेश माहेश्वरी को मिला। उन्होंने मोबाइल को अपने पास सुरक्षित रखने के बाद उसके वास्तविक मालिक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए थाना सारंगपुर पहुंचकर पुलिस की मौजूदगी में मोबाइल और उसके बिल का मिलान कराया। सत्यापन के बाद मोबाइल फोन उसके वास्तविक स्वामी दयाराम माली को वापस सौंप दिया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मी राहुल, पं. अंतरिक्ष पारीक एवं कुलदीप टेटवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। योगेश के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा गया कि किसी की खोई हुई वस्तु को सुरक्षित उसके मालिक तक पहुंचाना ईमानदारी, संस्कार और मानवीय संवेदना का परिचायक है। ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

सेवा संकल्प यात्रा के दौरान शिक्षा पोर्टल लॉन्च किया

मंदसौर। जिले में जल, जन एवं सेवा संकल्प यात्रा 2 अक्टूबर को भी जारी रही। यात्रा मार्ग पर ग्रामीण नागरिकों ने यात्रा का भव्य स्वागत पुष्प वर्षा द्वारा किया। यात्रा के दौरान ग्राम जगगा खेड़ी में शिक्षा पोर्टल भी लॉन्च किया गया स्कूली विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया। शिक्षा पोर्टल जरूरतमंद बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी है जो पुस्तक के खरीदने में आर्थिक रूप से परेशानी महसूस करते हैं। पोर्टल के माध्यम से उन बच्चों को अपनी अपनी क्लास के लिए पुस्तकें मिल सकेंगी। इसके लिए वे विद्यार्थी जो कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात अगली कक्षा में जाते हैं वे अपनी पुरानी पुस्तके पोर्टल पर दान करेंगे जो जरूरतमंद विद्यार्थियों को उपलब्ध करवा दी जाएगी इसके अंतर्गत जरूरतमंद विद्यार्थी अपनी आवश्यकता पोर्टल पर दर्ज करवाएंगे तथा पुस्तके देने वाले विद्यार्थी पोर्टल पर पुस्तक दान की जानकारी देंगे।

जल, जन सेवा संकल्प यात्राओं का द्वितीय दिवस भी भव्य स्वागत किया

मंदसौर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर वाराणसी जल, जन और सेवा संकल्प यात्राओं का दूसरे दिन 2 अक्टूबर को भी भव्य स्वागत किया गया। यात्राओं के दौरान स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा की गई। यात्रा क्रमांक 1 द्वितीय दिवस 2 अक्टूबर को नाहरगढ़ गुर्जर बर्डिया पनलिया मारू, निरधारी, कोलवा, डोडियामीणा, मुंदड़ी, मंदसौर मे पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन, अभिषेक, शिवना नदी श्रमदान, मंदसौर बायपास, रेवास देवड़ा, नौगांव आदि स्थानो पर पहुंची जहां श्रमदान पौधारोपण एलईडी प्रसारण आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। इसी प्रकार यात्रा क्रमांक आठ 2 अक्टूबर को दलोदा, भावगढ़ फंटा, पटेला, मजेसरा, ताजखेड़ी, गरोडा आदि स्थानों पर पहुंची। जहां यात्रा का स्वागत किया गया। पौधारोपण, श्रमदान, युवा संवाद आदि कार्यक्रम आयोजित हुए।

सेवा संकल्प यात्रियों ने शिवना नदी घाट पर श्रमदान किया

मंदसौर। वाराणसी वड़नगर जल जन सेवा संकल्प यात्रा में सम्मिलित यात्रियों द्वारा 2 अक्टूबर को मंदसौर में शिवना नदी घाट पर सामूहिक श्रमदान किया गया। इस दौरान सांसद सुधीर गुप्ता, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, जिला यात्रा प्रभारी हितेश शुक्ला, शिवराज सिंह राणा आदि उपस्थित थे इस दौरान स्वच्छता कर्मियों का सम्मान भी किया गया। मंदसौर शहर पहुंचने पर सेवा संकल्प यात्रा का नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। नगर के विभिन्न चौराहों से सेवा संकल्प यात्रा भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन के लिए पहुंची जहां यात्रियों ने पूजा अभिषेक किया।

पांच स्थानों पर मेगा सेवा सेतु शिविरों का आयोजन 3 अक्टूबर को

मंदसौर। सेवा संकल्प अभियान के महत्वपूर्ण एवं केंद्रीय घटक के रूप में सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार अंतर्गत जिले के पांच स्थानो पर मेगा सेवा सेतु शिविरों का आयोजन 3 अक्टूबर को किया जाएगा। कलेक्टर दिव्यांक सिंह के निर्देशन में शिविरों के आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शिविरों में मौके पर ही जन समस्याओं, शिकायतों का निराकरण किया जाएगा, योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा, 3 अक्टूबर को मंदसौर विकासखंड के धमनार, सीतामऊ विकासखंड के तीतरोद, मल्हारगढ़ विकासखंड के जनपद प्रांगण मल्हारगढ़, गरोठ विकासखंड के बोलिया तथा भानपुरा विकासखंड के दुधाखेड़ी में शिविर आयोजित किए जाएंगे। धमनार शिविर में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शिविर भी सम्मिलित रहेगा। आयोजन समय प्रातः 11:00 से शाम 4:00 बजे तक रहेगा शिविरों में शासन की फ्लैगशिप हितग्राही मूलक योजनाओं तथा राजस्व विभाग की नागरिक सेवाओं के लाभ मौके पर ही प्रदान किए जाएंगे।

गांधी जयंती पर नगर परिषद ने किया श्रमदान पौधारोपण व स्वच्छता कर्मियों का सम्मान

किशनगढ़ ताल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को नगर परिषद ताल द्वारा मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सेवा से संकल्प एवं जनविश्वास अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर स्वच्छता कर्मियों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। स्वच्छता कर्मियों ने समय पर वेतन मिलने पर नगर परिषद अध्यक्ष, परिषद एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात शासकीय माध्यमिक विद्यालय के मध्यान्ह भोजन परिसर में स्वच्छता श्रमदान किया गया। परिसर में व्याप्त गंदगी, खरपतवार एवं नालियों की सफाई कर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद आलोट रोड स्थित अमृत गार्डन में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश परमार ने कहा कि परिषद ने पिछले तीन वर्षों में नगर की मूलभूत समस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि नगर में नई दुकानों, उद्यान, पेयजल टंकी, सीसी रोड एवं बाउंड्रीवॉल सहित विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। आलोट रोड से विश्वनाथ मंदिर तक डबल लेन सीसी रोड का निर्माण भी कराया गया है तथा अन्य कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व घोषणा के अनुसार मुखर्जी चौक पर 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज भी स्थापित किया गया है। परिषद द्वारा सभी वार्डों में बिना भेदभाव विकास कार्य कराए गए हैं तथा परिषद के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम राठौड़ ने कहा कि नगर परिषद एवं पूरी परिषद एकजुट होकर विकास कार्यों के लिए कार्य कर रही है। क्षेत्रीय सांसद एवं विधायक सहित जनप्रतिनिधियों का भी समय-समय पर सहयोग प्राप्त होता है। कार्यक्रम में सभापति गुड्डू खान, गोवर्धन पोरवाल, मनीष भोला परमार, अनिल परमार, पार्षद पवन मोदी, समाजसेवी दिनेश सिंह मेलूखेड़ी, अनिरुद्ध सिंह डोडिया, व्यापारी शिव पोरवाल, राकेश जैन, काना खत्री, आशीष पोरवाल सहित नगर परिषद के कर्मचारी एवं स्वच्छता कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता अभियान के साथ गांधी व शास्त्री जयंती मनाई

जल, जन सेवा संकल्प यात्रा का नाहरगढ़ में रात्रि विश्राम, हुए कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर वाराणसी जल, जन और सेवा संकल्प यात्राएं जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंची यात्रा के दौरान पौधारोपण, भजन, लोकगीत, एलईडी प्रसारण, मातृ शक्ति संवाद, युवा कृषक संवाद तथा सेवा मंच आदि कार्यक्रम आयोजित हुए । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन सेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वड़नगर वाराणसी जल जन एवं सेवा संकल्प यात्राओं का मंदसौर जिले में 1 अक्टूबर को जिले मे प्रवेश पर भव्य स्वागत जनप्रतिनिधिगण व जननेताओं ने किया ।

इस दौरान यात्रा का भव्य स्वागत पुष्प वर्षा कर हुआ । यात्रा क्रमांक एक ने जिले के सुवासरा के क्षेत्र भ्रमण के बाद रात्री विश्राम नाहरगढ़ मे हुआ। दो अक्टूबर को सुबह पौधारोपण कर शुरुआत हुई जिसका बस स्टैंड पर ग्राम पंचायत नाहरगढ व जननेताओ के साथ कार्यकर्त्ताओ ने पुष्प वर्षा कर स्वागत व सम्मान किया । श्रमदान करते हुए सभी ने स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई के साथ नशा मुक्ति संकल्प लिया । बस स्टैंड नाहरगढ पर गांधी व शास्त्री जयंती मनाई गई जिसमे प्रेम प्रकाश अगरेरी अयोध्या यात्रा प्रभारी , सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग,भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मती प्रियंका डॉक्टर मुकेश गिरी गोस्वामी , जनपद पंचायत सीतामऊ उपाध्यक्ष जितेंद्रसिंह कोटडामाता ,मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिंह गोड , नाहरगढ यात्रा व्यवस्था प्रभारी महेश माली ,मण्डल महामंत्री अरुण भटनागर, ग्राम पंचायत नाहरगढ सरपंच श्रीमति राधा पदम सिंह चौहान,उपसरपंच पदम सिंह चौहान ,जिला पदाधिकारीगण , मण्डल पदाधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय कार्यकर्त्ता तथा नगर के सभी वरिष्ठ,युवा पदाधिकारीगण व कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। जिला प्रशासन के सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी जिसमे राजस्व,पुलिस,जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत नाहरगढ, चौकीदार उपस्थित थे। नाहरगढ नगर भ्रमण के बाद गुर्जर बर्डिया मंडल के पाडलिया मारू पंहुची।

सेवा संकल्प अभियान में सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर



जीरापुर। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी ने ब्लड डोनेशन शिविर का शुभारंभ किया। सेवा संकल्प अभियान पर विधायक दांगी ने कहा कि भाजपा सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की गंगा बह रही है, सेवा लक्ष्य है जिसमें सब मिलकर कार्य कर रहे हैं।देश दिनों दिन विकास के पटल पर अग्रसर है। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित ब्लड डोनेशन शिविर में मुख्य रूप से पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक, बालचन्द्र दांगी सेंधरा, भाजपा महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री शिव मण्डलोई, युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री राजेन्द्र परिहार, नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमींदार, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश पुष्पद टेक्सी, विष्णु सिंह पवांर, हेमन्त जोशी, लखन सिंह तोमर, कमल झावा, प्रभुलाल गुर्जर, वंदना दांती सहित ब्लाक मेडिकल अधिकारी डॉ. सुनील चौरसिया, सीएमओ देवनारायण दांगी, कमल भावसार एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता, हॉस्पिटल कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा



नगर परिषद भानपुरा के द्वारा विश्व को सत्य और अहिंसा का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शुक्रवार 2 अक्टूबर को नया बस स्टैंड विजय स्तंभ के समीप यात्री प्रतीक्षालय में मनाई गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, पार्षद गण सुभाष बागड़ी, शीतल भूटानी, मकसूद अंसारी, रोडूलाल चारण, जाहिर मंसूरी, बबलू गुर्जर एवं हरीश नामदेव, हरिकृष्ण मरमट, दिनेश छालीवाल, नगर परिषद दरोगा रजाक अगवान, अभिषेक जैन, अजय राठौर, तरुण शर्मा सहित नगर परिषद कर्मचारी गण, सफाई मित्रों, नगर के गणमान्य जनों आदि द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प हार एवं पुष्प अर्पित किए। एवं नया बस स्टैंड क्षेत्र में नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों, नगर परिषद के कर्मचारीयों, सफाई मित्रों एवं नगर के गणमान्य जनों ने स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे बस स्टैंड क्षेत्र की सफाई की गई। इसके बाद नगर परिषद कार्यालय परिसर में नगर परिषद के सफाई मित्रों का पुष्पहारों से सम्मान किया एवं पार्षद सुभाष बागड़ी ने उपस्थित सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई

खिलचीपुर। नगर परिषद खिलचीपुर में जनसेवक के पद पर लंबे समय तक सेवाएं देने के बाद 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए खेमचंद कलोसिया का सम्मान समारोह खंडी बावड़ी, खिलचीपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश महा वाल्मीकि पंचायत संगठन की ओर से उन्हें शील्ड एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि खेमचंद कलोसिया ने अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन लंबे समय तक किया। उनके सेवाकाल के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों की भी सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने गृहस्थ जीवन और शासकीय जिम्मेदारियों के साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी योगदान दिया, जिससे समाज को गौरव मिला।

समारोह में मध्य प्रदेश महा वाल्मीकि पंचायत के प्रदेश संस्थापक रोहित छात्रे, प्रदेश अध्यक्ष सेतू नरवरे एवं संगठन महामंत्री राजेश मकवाना ने कलोसिया को



शील्ड और सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान समाजसेवी बाबूलाल कलोसिया, मुकेश कलोसिया, राजाराम ऊंटवाल, विनोद ऊंटवाल, दीपक कलोसिया, संजय झावा, बबलू इंदौरे, हीरालाल मकवाना, एल्डरमैन लखन कलोसिया, मोहन कलोसिया सहित संगठन के पदाधिकारी एवं समाजसेवी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने खेमचंद कलोसिया के सेवानिवृत्त जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

सेवा पखवाड़ा के तहत सात सहेलिया बावड़ी पर चला स्वच्छता अभियान

सांसद सुधीर गुप्ता ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मंदसौर नगर दक्षिण मंडल द्वारा किला रोड स्थित ऐतिहासिक सात सहेलिया बावड़ी पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान में सांसद सुधीर गुप्ता ने सहभागिता करते हुए परिसर में स्वच्छता का संदेश दिया तथा उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता और जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया गया। मंदसौर की सात सहेलिया बावड़ी शहर की ऐतिहासिक जल संरचनाओं और पुरानी जल प्रबंधन परंपरा की महत्वपूर्ण स्मृति है। प्राचीन समय में बावड़ियां केवल पानी संग्रह करने के साधन नहीं थीं, बल्कि नगर के सामाजिक जीवन और सार्वजनिक उपयोग का भी महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करती थीं। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि ऐसी ऐतिहासिक जल संरचनाओं को स्वच्छ और सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इनके मूल स्वरूप और ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित करते हुए इन्हें आने वाली पीढ़ियों से जोड़ने की आवश्यकता है। मंदसौर का प्राचीन नाम दशपुर रहा है। यह क्षेत्र प्राचीन काल से ही राजनीतिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा है। क्षेत्र में विभिन्न कालखंडों से जुड़े पुरातात्विक अवशेष और अभिलेख इसकी समृद्ध ऐतिहासिक परंपरा को दर्शाते हैं। मंदसौर क्षेत्र का इतिहास औलिकर वंश और राजा यशोधर्मन जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक संदर्भों से भी जुड़ा हुआ है। सोंधनी में स्थित विजय स्तंभ राजा यशोधर्मन की उपलब्धियों और प्राचीन दशपुर के गौरवशाली इतिहास का महत्वपूर्ण प्रमाण माने जाते हैं। सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि मंदसौर की इन धरोहरों को केवल अतीत की निशानी के रूप में देखने के बजाय इनके संरक्षण और पर्यटन की दृष्टि से विकास की संभावनाओं पर भी काम किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने सात सहेलिया बावड़ी के समीप स्थित परिसर में विभिन्न समाजों के कुलभेरू/कुलदेवी-देवताओं से जुड़ी आस्था एवं सांस्कृतिक परंपराओं का उल्लेख करते हुए 52 समाजों के प्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं से विशेष आह्वान किया कि वे इस परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रयास तभी प्रभावी होंगे, जब समाज की सक्रिय भागीदारी मिले। समाज यदि सामूहिक रूप से इस परिसर की स्वच्छता और संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, तो सात सहेलिया बावड़ी एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकता है।

ऐतिहासिक एवं पर्यटन विकास की दिशा में 5 लाख की घोषणा

कार्यक्रम के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने किला क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मंदसौर की पहचान उसकी समृद्ध ऐतिहासिक, पुरातात्विक और सांस्कृतिक विरासत से भी है। इसी दृष्टि से पात्र सार्वजनिक, विरासत संरक्षण एवं पर्यटन संबंधी कार्यों के लिए सांसद निधि से 5 लाख उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। इन कार्यों को संबंधित नियमों एवं सक्षम विभाग की प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप मिला है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता को स्वस्थ और सशक्त समाज की आधारशिला माना था। प्रधानमंत्री जी ने इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से देशभर में स्वच्छता और जनजागरूकता को नई दिशा दी है। सांसद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। योजनाओं ने आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है।